## एक नजर में

### ठाकुर राधा विनोद बिहारी का पाटोत्सव मनाया



**मंडलेश्वर, निप्र।** ग्राम चोली में होने जा रहे ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी मंदिर के पाट महोत्सव में 11 फरवरी को एक दिवसीय रासलीला नगर के नर्मदा तट स्थित रामघाट पर भी होनी है। जिसको लेकर बुधवार रात नर्मदा घाट पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूज्य लाडली शरण जी महाराज ने उपस्थित नगरवासियों को रासलीला की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया- यहां होने वाली लीला बहुत ही अद्भुत होगी। भगवान कृष्ण और राधा जी एक नौका पर सवार होकर मां नर्मदा के आंचल में लीला का मंचन करेंगे। महाराज जी ने कहा लीला का अधिकांश हिस्सा नर्मदा में होगा, जिसके चलते सुरक्षा का विशेष इंतजाम करना होंगे। चोली में जो लीला होती है उसमें भगवान कृष्ण और राधा जी की नौका विहार का एक प्रसंग है। जिसे चोली में यमुना जी का चित्र बना पड़ा लगा कर मंचन किया जाता है। लेकिन इस बार यह मंचन नर्मदा तट पर होगा, जिससे लीला जीवंत हो उठेगी। समिति सदस्यों ने घाट पर की जाने वाली व्यवस्थाओ को लेकर सभी को जानकारी दी। बैठक में नप अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, हरि अग्रवाल, गणेश पाटीदार, नर्मदा आरती मंडल के संतोष चौहान, पवन तंवर सहित नर्मदा आरती मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। नगर में होने जा रही लीला के प्रभारी नवीन कुमार ने बताया यह लीला इसलिए विशेष है क्योंकि यह अन्य नौका विहार की तरह ना होकर इसमें ठाकुर जी और राधा का संवाद होगा। जोकि नर्मदा जी में नाव पर होना है और यह संवाद रिकॉर्डेड नहीं होकर लाइव होंगे। एक तरफ नर्मदा किनारे मंच पर मंडली के साजिंदे संगीत की सुर लहरियां बिखेरेंगे, वहीं नदी में भगवान कृष्ण और राधा जी के बृज और हिंदी भाषा के संवाद रासलीला को एक अदभुत ऊंचाइयां देंगे। नगर के इतिहास में भी रासलीला 50 साल बाद होने जा रही है। इससे पहले लीला 50 साल में कभी नहीं हुई है।

### चुनौतियों का निवारण सिर्फ परिवारों की एकता से कुटुंब प्रबोधन से संभव हैं : तिरोले




**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में गुरुवार को ग्राम कोठा बुजुर्ग मंडल का विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कोठा बुजुर्ग, कोठा कुर्द, उमरखली, बड़ा, डोंगरचिचली सहित भसनेर ग्राम के ग्रामीणों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिकारी हीरालाल तिरोले ने संघ स्थापना के उद्देश्य, संघ द्वारा सनातन संस्कृति व सनातन समाज की रक्षा के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा वर्तमान सामाजिक पारिवारिक चुनौतियों का निवारण सिर्फ परिवारों की एकता से कुटुंब प्रबोधन से संभव है। जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई का नारा देते हुए कहा कि मानव को सुखी सम्मानित व शांतिमय जीवन केवल सनातन संस्कृति के विचार पालन और प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण से ही मिल सकती है। कार्यक्रम में ग्राम कोठा बुजुर्ग के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मातृ-पितृ पूजन करके हिंदू संस्कार सिंचन का कार्य भी किया। मंच संचालन सुनील कुमार सोनी जिला सेवा प्रमुख ने किया, आभार दिनेश पाटीदार खंड कार्यवाह ने माना। इस दौरान दिलीप कुमावत, संतोष कुमरावत, जयदीप, रूपेश, रमेश कुमरावत रिटायर्ड मेजर, चंपालाल कुमरावत खंड संघचालक तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का भीकनगांव में आयोजन किया




**भीकनगांव, निप्र।** जननायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगांव में आज दिनांक 5 .2 .2026 को पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन ऐपको भोपाल के दिशा निर्देशानुसार इको क्लब के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण डावर के मार्गदर्शन में सतत जीवन शैली अपनाने के लिए मिशन लाइफ के तहत सतत जीवन शैली अपनाने एवं स्वच्छता हेतु जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का चंद्रशेखर आजाद बस स्टैंड भीकनगांव में आयोजन किया गया। इसके माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने भीकनगांव के नगर वासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करवाया। नुक्कड़ नाटक में इको क्लब के वॉलिंटियर्स के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने, गीले कचरे और सूखे कचरे के लिए, हरी और नीली डस्टबिन का प्रयोग करने, अपने परिवेश के प्रति स्वच्छता के महत्व को उजागर किया और रैली में 145 विद्यार्थियों साहित्य समस्त स्टाफ ने सहभागिता की।

### 6 फरवरी को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम, जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए निर्देश

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए संवाद करने हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का आयोजन 06 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कानुड़े ने बताया कि कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन में खरगोन जिले में भी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम समस्त शासकीय और शासकीय विद्यालयों में शासन आदेश अनुसार आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 6 फरवरी को प्रातः 10 :00 बजे से प्रारंभ होगा। इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन, यूट्यूब, फेसबुक लाइव और विभिन्न शैक्षणिक चैनलों के माध्यम से किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बड़ी स्क्रीन अथवा टेलीविजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की संभावना है, वहां जनरेटर अथवा अन्य वैकल्पिक संसाधनों का प्रबंध करने को कहा गया है, ताकि विद्यार्थी बिना किसी व्यवधान के कार्यक्रम देख सकें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानुड़े ने शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य को निर्देशित किया है कि इस कार्यक्रम को केवल एक संवाद न मानकर एक 'महोत्सव' की तरह मनायें, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की सहभागिता भी अनिवार्य हो।

# विशेषज्ञता और समर्पण भाव के साथ मनाया 20 वां स्थापना दिवस

## नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ शुरु की नि :शुल्क डायलिसिस सेवाएं





नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** शहर के सनावद रोड़ पर न्यूनतम शुल्क में उच्चतम सेवाएं दे रहे विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का गुरुवार को 20वां स्थापना दिवस सेवा विशेषज्ञता और समर्पण भाव के साथ मनाया गया। यहां अस्पताल के स्थापना दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन के साथ ही डायलिसिस सुविधा की शुरुआत भी की गई। 4 घंटे चले शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने चिकित्सकों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया। अस्पताल संचालक परसराम चौहान ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल ने अपने सफलतम 20 वर्ष पूर्ण किए है। इस अवसर को यादगार बनाने एवं पीड़ित मानव की सेवा का भाव लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदिरा गुप्ता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. कन्हैया यादव, महिला जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. सृष्टि शाह, मेडिसिन विभाग डॉ. शुभम खंडेलवाल मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को अस्पताल प्रबंधन की ओर से नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराने के साथ ही पैथालॉजी जांच में विशेष छूट भी दी गई। इस दौरान डायलिसिस यूनिट की शुरुआत भी की गई, जहां आयुष्मान कार्डधारी को नि:शुल्क सुविधा मिलेगी। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड पर सभी जटिल ऑपरेशन की सुविधा भी है। संचालक डॉ. आशुतोष चौहान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना था। इस शिविर में स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

## पीजी कॉलेज के छात्र सिद्धार्थ और जामसिंग ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा





**खरगोन, निप्र।** पीजी कॉलेज राजनीति विभाग के दो विद्यार्थियों सिद्धार्थ सोलंकी एवं जामसिंग मेहता ने राष्ट्रीय स्तर की यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सिद्धार्थ ने नेट परीक्षा में 88.79 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। उनकी माता श्रीमती संगीता सोलंकी नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं तथा पिता संतोष सोलंकी समाजसेवी एवं शिक्षक हैं। सिद्धार्थ की यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासित अध्ययन एवं लक्ष्य के प्रति एकाग्रता का परिणाम है, जो महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। इसी तरह विद्यार्थी जामसिंग मेहता निवासी ग्राम भामपूरा जिला बड़वानी ने नेट परीक्षा में 81.29 पर्सेंटाइल अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। उनके पिता चापडिया मेहता कृषक हैं तथा माता श्रीमती दुला बाई मेहता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद जामसिंग मेहता ने कठिन परिश्रम एवं दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि अर्जित की है, जो अन्य विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास के लिए प्रेरित करती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने विभाग के शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की तथा दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि राजनीति विभाग में डॉ. गणेश पाटिल के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त शैक्षणिक प्रयासों के परिणामस्वरूप अब तक विभाग के 17 विद्यार्थियों द्वारा नेट एवं सेट परीक्षाएं उत्तीर्ण की जा चुकी हैं।

## शादी की खुशियां मनाकर लौट रहे एक 40 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत



**बड़वाह, निप्र।** ग्राम टोकसर में शादी की खुशियां मनाकर लौट रहे एक 40 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ने अपनी पत्नी और बेटे को बस से रवाना किया था, लेकिन खुद बाइक से निकल गए। इसी दौरान हादसा हो गया और मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कवड़िया पिपलिया बुजुर्ग निवासी मनभावन पिता रामचंद्र खेड़े (40) इंदौर की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। वे टोकसर में अपने काकाजी के लड़के की शादी में शामिल होने आए थे। शादी बुधवार को सम्पन्न हो गई थी। वे गुरुवार दोपहर बाइक से वापस इंदौर लौट रहे थे। उमरिया और खोड़ी के बीच सामने से आ रहे तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और उन्हें बड़वाह अस्पताल लाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद मृतक के मामा विमल शर्मा का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने बताया कि मनभावन दो दिन से शादी में था। गुरुवार को जब वह जाने लगा तो परिवार वालों ने उसे रोका भी था कि आज मत जाओ, आराम कर लो। लेकिन उसने ड्यूटी का हवाला दिया और निकल गया। उसने पत्नी और आठ वर्षीय बेटे को बस में बैठा दिया था। दोपहर में हमें उसकी मौत की खबर मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की जांच शुरू कर दी है। शाम को पोस्टमार्टम कर शव परिजननो को सौपा। मृतक का आठ वर्षीय एक बेटा है।

## मेले में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, पुलिस से की शिकायत

**खरगोन, निप्र।** इन दिनों पूरे शबाब पर चल रहे श्री नवग्रह मेले में वाहन ठेकेदार की मनमानी की शिकायतें सामने आने लगी है। शहर के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी कनेश महेश देवले ने कोतवाली पर शिकायती आवेदन देकर मेले में ठेकेदार द्वारा नीलामी की शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध वसूली एवं दबंगई दिखाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। देवले ने अपनी शिकायत में बताया कि वह 24 जनवरी को मेले में घुमने गया था। इस दौरान दो पहिया वाहन पार्किंग में लगाया। पार्किंग शुल्क 20 रुपए लिया गया, जब मेरे द्वारा ठेका दर की जानकारी चाही गई, तो ठेकेदार एवं उसके कर्मचारी गाली-गलौच करने लगे। कर्मचारियों के इस बर्ताव से मैं बहुत आहत हुआ हूं। देवले ने आरोप लगाया कि ठेकेदार एवं उसके कर्मचारी मनमानी राशि वसूल रही है वहीं नगर पालिका परिषद एवं मेला समिति को शिकायत करने पर भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया कि बाईक 10 के बजाय 20 और फोर व्हीलर के 20 रुपए के बजाय 50 रुपए पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। यह खुली लूट है। शिकायत के साथ वाहन शुल्क के लिए ली गई 20 रुपए राशि की रसीद भी संलग्न की गई है।

## खरगोन जलावर्धन योजना की शिकायत निवारण समिति की बैठक



**खरगोन, निप्र।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की खरगोन पीआईयू अंतर्गत खरगोन नगर की जलावर्धन योजना से संबंधित शिकायत निवारण समिति की बैठक नगर पालिका परिषद खरगोन के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। बैठक में बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अतिरिक्त पाइपलाइन डालने, आवश्यकता नुसार अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने सहित अन्य जरूरी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संबंधित कार्यों के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्णय भी लिए गए। बैठक में बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खरगोन सुश्री कमला कौल, उपयंत्री परिषद श्री संजय सोलंकी, श्रीमती शिवानी पाटीदार, पीआईयू खरगोन के परियोजना प्रबंधक श्री प्रमोद कुमार गढ़वाल, सामुदायिक विकास अधिकारी श्री बनवारीलाल यादव एवं संविदाकार के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री जयेश कृष्णा उपस्थित रहे।

## संपूर्णता अभियान 2 .0 अंतर्गत भगवानपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**खरगोन, निप्र।** नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गत दिवस आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुरा में स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में टीबी एवं एनीमिया से संबंधित जांच एवं परामर्श प्रदान किया गया तथा प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर आयरन एवं पोषण परामर्श दिया गया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में विशेष रूप से गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, एएनसी पंजीयन, पोषण परामर्श एवं नियमित टीकाकरण के महत्व पर जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 60 गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन किया गया। शिविर के माध्यम से महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य, संतुलित पोषण, आयरन-फोलिक एसिड सेवन, समय पर टीकाकरण तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान एवं रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर संदेश दिया गया कि नियमित जांच, स्वस्थ जीवनशैली एवं समय पर उपचार से कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव संभव है। स्वास्थ्य शिविर में एएनएम, आशा कार्यकर्ता, सीएचओ, फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्नीशियन उपस्थित रहे। जिनके समन्वय से लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। यह शिविर संपूर्णता अभियान 2.0 के लक्ष्यों के अनुरूप मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण, महिला सशक्तिकरण तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल रही।

## अनुसंधान अर्थशास्त्र का एक महत्वपूर्ण आधार है : प्राचार्य चौहान



**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्राचार्य एवं अर्थशास्त्री डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि अनुसंधान अर्थशास्त्र का एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुसंधान के महत्व से अवगत कराते हुए जिले में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए फूड प्रोसेसिंग की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी तथा इस क्षेत्र में अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। रिसोर्स पर्सन डॉ. रश्मि चौहान सहायक प्राध्यापक क्रांति सूर्य टंट्या विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में बताया कि यह सेमिनार विद्यार्थियों को अनुसंधान और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में कॅरियर निर्माण हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है। विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से पापड़, चिप्स, डेयरी उत्पाद, अगरबत्ती निर्माण एवं मिर्च पाउडर जैसे विभिन्न लघु एवं कुटीर उद्योगों पर प्रस्तुतीकरण दिए। संचालन डॉ. जेएल अकोले ने किया। आभार डॉ. ललिता बरगे ने माना।

**एक नजर में** डॉ . अंबेडकर व महापुरूषों के जीवनी पर केडर विस्तृत संगोष्ठी आयोजित

## संविधान के माध्यम से समानता का संदेश देकर हमारा नैतिक उत्थान किया : अंजाना




नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** सिपानी के अम्बेडकर नगर मे भारत रत्न डा. अम्बेडकर व महापुरुषों के जीवनीयो पर केडर विस्तृत संगोष्ठी आहुत की। बैठक का संचालन बीएसपी वि.स.अध्यक्ष-रूपसिंह मोयदे ने किया। पश्चात विशेष अतिथि वि.सभा प्रभारी भावी विधायक प्रत्याशी बड़वाह महेश्वर एवं रिटायर्ड शिक्षक व विशिष्ट समाज सेवी-पुष्पेन्द्र रावल ने संविधान उद्देश्यीका पढ़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. महापुरुषों के छायाचित्रों पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। संगोष्ठी के आयोजन की अध्यक्षता उपाध्यक्ष आशाराम कुंडले ने की। संबोधन बेला मे श्री रावल ने कहा पांच हजार सालो से पीड़ित दबे कुचले शोषित वंचित वर्ग को मानसिक रूप से मनोरोगी बना रखा था। हमे आज भी उसी तरह से बौद्धिक गुलामी की जंजीरों मे जकड़ रखा है। तात्कालिक समय मे स्कूल मे हमारे वर्ग को स्कूलों में पढ़ने का अधिकार नही था। महिलाओं को भी पढ़ने व शा.नौकरी का अधिकार नही था। हमे सार्वजनिक स्थानों से दैनिक मूलभूत महत्वपूर्ण वस्तुओं के उपयोग का अधिकार नही था। हमारे पूर्वजों को दरिद्रता मे रखा गया। उस समय जातिगत भेदभाव चरम सीमा पर थी। इस भयानक अमानवीय समस्या से मुक्ति दिलाने हेतू संकल्प लिया। इसलिए हमारे महापुरुषों ने बेहद कठिन संघर्षों से हमे शिक्षा और संगठन के द्वारा निजात दिलाई है। संविधान के द्वारा सामाजिक समरसता से मानवीय जातिगत भेद भाव प्रताड़ना को दूर किया है. सम्बोधन बेला मे सरपंच मुख्य अतिथि जि.अध्यक्ष मा.रमेश अंजाना ने कहा संविधान के माध्यम से समानता का संदेश देकर हमारा सम्पूर्ण आर्थिक व सामाजिक व नैतिक उत्थान किया है। हमारे महापुरुष नही होते तो हमारी आज भी भयानक दुर्दशा होती। माता रमाई ने बेहद संघर्षो से बाबा साहब को पढाया। उनके चार बच्चे हमारे उत्थान के लिए कुर्बान कर दिये है. बाबा साहब व रमाई माता ने आत्म संतोष करके समाज के बच्चो को ही अपने बच्चे समझा व हमारे लिए संघर्ष जारी रखा तथा हमे नारकीय जीवन से मुक्त कर सम्मानित जीवन केवल मसीहा अम्बेडकर और पूज्यनीय महापुरुषों ने ही दिया है. बाबा साहब के बच्चों के बिमारी मे उपचार के पैसे नही होने से मृत्यु के बाद कफन तक नसीब नही हुआ है. ऐसे ही परम त्यागी महात्मा ज्योतिबा फूले व पू.माता सावित्रीबाई फूले पतिपत्नी होकर भी दाम्पत्य का निर्वाहन नही किया। इसलिए समाज को ही अपने बच्चे माना और हमारा उत्थान किया है। पू.वि.सभा अध्यक्ष रितेश कस्तुरे ने कहा हमारे महापुरुषों ने टंट्या मामा.बिरसा मुंडा ने अजा.ज.जा.व ओबीसी वर्ग का भेजो उत्कृष्ट सर्वांगीण विकास किया है। हमे हमारे महापुरुषों के आदर्शों पर ही चलना चाहिए।